# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा।

पत्रांक 5672 / 14–1 दिनांक : आगरा : ~~अप्रैल~~, 02/06/ 2023

सेवा में,

डिवीजनल इंजीनियर
भारत संचार निगम लि0
टैक्स भवन आगरा।

विषय : जनपद आगरा के अन्तर्गत भारत संचार निगम लि0 द्वारा आगरा–बाह–कचौराघाट मार्ग के किमी0 44.700 चैनेज से 91.700 तक के मध्य मार्ग की दांयी पटरी पर ग्राम अरनौटा से ग्राम कचौराघाट तक ग्राम पंचायतों को भारत सरकार की भारतनेट परियोजना के अन्तर्गत संयोजन हेतु आप्टीकल फाईबर केबिल डालने हेतु प्रभावित 1.395 हे0 संरक्षित वनभूमि के बिना वृक्ष पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ : मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ की पत्र संख्या–3405 / 11–सी दिनांक 26.04.2023 एवं इस कार्यालय का पत्रांक–5480 / 14–1 दिनांक 19.05.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा विषयगत प्रकरण में लगायी गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निस्तारण करने की अपेक्षा की गयी थी परन्तु आप द्वारा आपत्तियों का निस्तारण किये बिना ऑनलाइन प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित कर दिया है जो उचित नहीं है साथ ही प्रकरण में अनावश्यक बिलम्ब किया जा रहा है।

अतः आप प्रकरण में लगायी गयी आपत्तियों का निस्तारण निम्न प्रकार कर आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध करायें ताकि संशोधित प्रस्ताव पुनः उच्च स्तर पर प्रेषित किया जा सके अन्यथा प्रकरण में किसी भी प्रकार के विलम्ब के लिए आप स्वंय उत्तरदायी होंगे।

| क0सं0 | आपत्ति |
|---|---|
| 1. | प्रस्ताव के साथ क्षतिपूरक वृक्षारोपण पर होने वाले व्यय वहन से सम्बन्धित वचनवद्वता संलग्न नहीं है। |
| 2. | प्रस्ताव के साथ प्रस्तावित वनभूमि का शुद्व वर्तमान मूल्य जमा किये जाने की वचनवद्वता संलग्न नहीं है। |
| 3. | प्रस्ताव के साथ प्रस्तावित वनभूमि के एन0पी0वी0 में संशोधन के उपरान्त बढी हुई एन0पी0वी0 की धनराशि के भुगतान की वचनवद्वता संलग्न नहीं है। |
| 4. | प्रस्ताव में भाग–1 में किमी0 44.700 चैनेज से 91.200 तक अंकित है, जबकि कुछ प्रमाण पत्रों पर किमी0 चैनेज 44.700 से 91.700 तक अंकित है। अतः स्थिति स्पष्ट करते हुए सही चैनेज संख्या अंकित कर प्रस्ताव के साथ संशोधित वचनवद्वता / प्रमाण संलग्न करें। |
| 5. | प्रस्ताव के साथ पेनड्राइव संलग्न है। अतः पुनः उपरोक्तानुसार प्रमाण पत्र प्रस्ताव के साथ संलग्न कर विषयसूची सहित प्रथम पृष्ठ से अंतिम पृष्ठ तक एक ही फोल्डर में पी.डी.एफ. फाईल अपलोड कर एक प्रस्ताव के साथ पेन ड्राइव सहित संलग्न करें। |

भवदीय

A.Kum

(आदर्श कुमार)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा

पत्रांक / दिनांकित

प्रतिलिपि वन संरक्षक आगरा वृत्त, आगरा को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

(आदर्श कुमार)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा

Com-3/Draftman/Letter-20/95